‘युक्तधारा’ भू-स्थानिक योजना पोर्टल (‘Yuktdhara’ Geospatial Planning Portal)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/yuktdhara-geospatial-planning-portal

- केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री ने भुवन के तहत ‘युक्तधारा’ नामक भू-स्थानिक योजना पोर्टल का शुभारंभ किया है। **यह रिमोट सेंसिंग तथा जी.आई.एस. आधारित जानकारी का उपयोग करके नई मनरेगा परिसंपत्तियों के संबंध में योजना तैयार करने की सुविधा प्रदान करेगा।**
- यह प्लेटफॉर्म विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों जैसे मनरेगा, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, पर ड्रॉप मोर क्रॉप तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आदि के तहत निर्मित परिसंपत्तियों (जियोटैग) के भंडारण के साथ-साथ क्षेत्रीय फोटोग्राफी करने का कार्य करेगा।
- यह **इसरो तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किये गए अथक प्रयासों का परिणाम है,** जिसे ग्रामीण योजनाओं के लिये विकेन्द्रीकृत निर्णय लेने के समर्थन में जी2जी सेवाओं को साकार करने के लिये तैयार किया गया है। यह पोर्टल विश्लेषण उपकरणों के साथ विभिन्न प्रकार की विषयगत परतों, बहु-अस्थायी उच्च संकल्प पृथ्वी अवलोकन डेटा को एकीकृत करने का कार्य करता है।
- इसके तहत युक्तधारा आधारित योजनाओं को ज़मीनी स्तर के पदाधिकारियों द्वारा तैयार किया जाएगा तथा इसकी प्रासंगिकता व संसाधन आवंटन के लिये इसे उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा सत्यापित किया जाएगा। इससे योजना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ वर्षों से सृजित परिसंपत्तियों की दीर्घकालिक निगरानी संभव हो सकेगी।
- इसरो द्वारा विकसित जियोपोर्टल ‘भुवन’ अपने समृद्ध सूचना आधार, उपग्रह छवियों तथा विश्लेषणात्मक क्षमताओं के कारण देश की कई विकास योजना गतिविधियों के लिये एक वास्तविक भू-स्थानिक मंच बन गया है।

X